>

Title: Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh for restarting handloom mill in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): मेरा संसदीय क्षेत्र मिसरिख अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है और काफी पिछड़ा हुआ है । इस क्षेत्र की संडीला तहसील में कताई की मिल थी, जो पिछले काफी समय से बंद पड़ी हुई है । इस मिल के अभी तक चालू न होने के कारण श्रमिक बेकार हो गए हैं और उनकी जीविका का सहारा छूट गया है । उनके परिवार अत्यंत ही दयनीय स्थिति में है तथा भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। मेरे क्षेत्र के लोगों द्वारा इस कताई मिल को पुनः चालू करवाए जाने हेतु पिछले काफी समय से मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इसको स्वीकार नहीं किया गया है ।

मेरा अनुरोध है कि मिसरिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत संडीला में बंद पड़ी कताई मिल को पुनः चालू कराए जाने हेतु केन्द्र सरकार राज्य सरकार को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान कर उक्त बंद पड़ी मिल को चालू कराने का प्रयत्न करें, जिससे स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मिल सके ।